वारदात ▶ रेकी कर बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, लाखों के आभूषण ले उड़े लुटेरे, पुलिस कर रही जांच,

# सराफा व्यापारी से ज्वेलरी लूटकर आरोपी फरार




**चिल्हारी, उमरिया, नवभारत।** जिले के पुलिस चौंकी अमरपुर की चंद दूरी पर बड़ा तालाब के पास बीते 10 जनवरी को शाम करीब 7 बजे हथियारबंद बदमाशों ने तांडव मचाया और हथियार की दम पर सनसनीखेज वारदात को अंजाम देते हुए सराफा व्यापारी से लाखों रुपये की ज्वेलरी लूटकर फरार हो गए हैं।

इस अप्रत्याशित घटना से पूरे क्षेत्र में भय मिश्रित वातावरण हो गया, तथा क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद तरह-तरह की चर्चाएं भी होने लगीं

### घात लगाए बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

बताया जाता है कि पीड़ित सराफा व्यापारी पुरुषोत्तम उर्फ जग्गी पिता फूलचंद सोनी निवासी सोनी मोहल्ला अमरपुर द्वारा ग्रामीण बैंक अमरपुर के समीप स्थित अपनी ज्वेलरी दुकान को देर शाम दुकान बंद कर सोनी मोहल्ला स्थित अपने घर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बड़ा तालाब के पास पहुँचा, पहले से घात लगाए बैठे हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने उसे घेर लिया।

### घटना से पूरे परिवार सहित क्षेत्रीयवासी भी दहशत में

बताया जाता है कि बदमाशों ने हथियारों की मदद से कारोबारी को जान से मारने की धमकी देते हुए ज्वेलरी से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। हैरानी की बात यह है कि यह पूरी वारदात पीड़ित की दुकान से महज 500 मीटर की दूरी पर हुई, जिससे पूरा परिवार सहित क्षेत्रीय वासियों के बीच दहशत का माहौल निर्मित हो गया है।

### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

वारदात की सूचना मिलते ही देर रात ही पुलिस हरकत में आई और बदमाशों को गिरफ्तार करने के लिए गहन जांच शुरू कर दी। बदमाशों की तलाश में आसपास के इलाकों में पुलिस सघन सर्चिंग अभियान चला रही है, वहीं संभावित आरोपियों तक पहुँचने के लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। इस पूरे वारदात को जिस तरह बदमाशों ने अंजाम दिया है,उससे साफ है कि बदमाश कई दिनों से कारोबारी की रेकी कर रहे थे,और तय समय पर वारदात को अंजाम दिए है।




# संक्रांति के पूर्व की गई घाटों की साफ-सफाई

**डिंडोरी,नवभारत।** मैया अभियान के सेवादारों ने रविवार को पुल के समीप घाटों की सफाई की। विदित है कि आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा में डुबकी लगाएंगे। इसी क्रम में मैया अभियान के सेवादारों ने घाटों में झाड़ू लगाकर कचरा उठाया। नेहरू युवा केन्द्र समन्वय आरपी कुशवाहा के नेतृत्व में माँ नर्मदा उद्गम मंदिर परिसर अमरकंटक में भी सफाई कर पूरे मंदिर परिसर को पानी से धोया गया। आगामी संक्रांति पर्व पर सेवादारों ने सभी नगरवासियों से अपील की है कि नर्मदा जल में साबुन -सोडा का प्रयोग न करे एवं घाटों में स्वच्छता बनाए रखे। जिला प्रशासन द्वारा नगर के 7 नालों के दूषित पानी को रोकने योजना बनाई गई है जिस पर मैया अभियान के सभी सेवादारों ने प्रशन्नता व्यक्त की। रविवार को आयोजित मैया अभियान में जिला आयुष अधिकारी डॉ संतोष परस्ते, उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी शिक्षक जितेन्द्र दीक्षित, प्राचार्य शाहिद खान, प्राचार्य राम विशाल मिथलेश, रक्त देवदूत भागवत यादव, ओम वीर जाट, जगदीश श्याम, विद्यार्थी निशा साहू , माही बरोतिया, महेंद्र उचेहरा ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।



# उत्कृष्ट विद्यालय में 51 छात्र-छात्राओं को बांटी गईं साईकिलें

**नवभारत, उमरिया।** उत्कृष्ट विद्यालय उमरिया में मध्यप्रदेश शासन की साइकिल वितरण योजना अंतर्गत 51 छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष धनुषधारी सिंह चंदेल रहे। मुख्य अतिथि धनुषधारी सिंह चंदेल ने कहा कि 'मध्यप्रदेश सरकार की साइकिल वितरण योजना शिक्षा को प्रोत्साहित करने की एक सराहनीय पहल है। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को इससे बड़ा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि आर्थिक या भौगोलिक बाधा के कारण कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने साइकिल पाकर प्रसन्नता व्यक्त की एवं शासन का आभार व्यक्त किया।

## शासकीय हायर सेकेंडरी में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**चिल्हारी, उमरिया।** स्वामी विवेकानंद की जयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा उमरिया द्वारा 6 से 12 जनवरी 2026 तक जिलेभर में 'सेवा सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल चंसुरा में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, विचार एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी राज्य शाखा, भोपाल के निर्देशानुसार तथा रेड क्रॉस सोसायटी शाखा उमरिया के अध्यक्ष धरणेन्द्र कुमार जैन कलेक्टर के मार्गदर्शन में, सभापति अखिलेश त्रिपाठी, प्रदेश प्रतिनिधि मान सिंह एवं सचिव राकेश शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वामी विवेकानंद जी के विचारों के माध्यम राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास करना रहा।

# जंगल से भटककर आए बाघ ने खूंटे में बंधे मवेशी का किया शिकार



▶ बाघ के क्षेत्र में दस्तक से फैली दहशत

**चिल्हारी, उमरिया।** जनपद मुख्यालय में बीच शहर में गत दिवस एक बाघ के दस्तक देने से क्षेत्र में भय का वातावरण निर्मित हो गया। जानकारी के अनुसार यह नर बाघ बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगलों से भटककर नगर में पहुंच गया। घटना की सूचना पर परिक्षेत्राधिकारी मानपुर विभागीय अमले के संथ आये और हालात का जायजा लिया। अधिकारियों ने घटना स्थल का मुआयना कर इस बात की पुष्टि की कि मवेशियों का शिकार बाघ के द्वारा ही किया गया है। इसके अलावा मानपुर के डंडी टोला से बाघ खूंटे मे बंधे एक मवेशी को उठाकर ले गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर परिषद कार्यालय के सामने तथा मार्ग के आसपास काफी दूर तक बाघ के पगमार्क मिले हैं। जहां सडक के किनारे झुग्गियों मे कई मजदूर अपने परिवार के सांथ मौजूद थे, परंतु उन्हे किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ।

**इनका कहना है**

मानपुर में किसी के मारे जाने की सूचना नहीं है। मौके पर मिले पगमार्क से अनुमान है कि उक्त निशान नर बाघ के हैं। जो वहां से गुजरा और रास्ते में मिले मवेशियों को उसने अपना निवाला बनाया। बाघ के आने-जाने वाले रास्तों पर कैमरा ट्रैप लगाये गये हैं। स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है।

**डॉ. अनुपम सहाय**
**क्षेत्र संचालक,**
**बंधवगढ़ टाईगर रिजर्व**

## पतौर में गाय का मुआवजा दिलाने सरपंच ने बनाया फर्जी पंचनामा

▶ शासन की राशि को लगाया गया चूना

चिल्हारी, उमरिया। उमरिया पंचो की वाणी में परमेवश्वर का वास मनाने वाले देश में आज पंचो की कमाऊ नीति के चलते आज वे परमेश्वर से पिशाच का रूप धारण कर लिया है। ऐसा ही की एक मामला जिले के मानपुर विकास खंड के पतौर ग्राम पंचायत में आया में है, जहाँ पर सरपंच ने एक लावारिस गाय का किसी अन्य के नाम पर की फर्जी पंचनामा बना कर शासकीय राशि पर चूना लगाया हैं। घटना के सन्दर्भ में बताया जाता है कि पतौर गाँव के वंश पति नामक 'युवक लावारिस गाय को रख रखाव के लिए तीन वर्ष तक अपने देख रेख के लिए रखें थे, बाद में उस गाय को गणेश पूजन में पंडित जी को दान कर दिया गया। कुछ दिन बाद वंश पति के खेत में लावारिस गाय का शिकार बाघ ने कर लिया। उस लावारिस गाय का पंचनामा गाँव के ही पुष्पा देवी पति राम बहोर दाहिया के नाम पर फर्जी पंचनामा बना कर उसे लाभदिलाने का प्रयास किया गया है। इस फर्जी पंचनामा बनाने वाले पंचो के विरुद्ध कार्य वाही करने की मांग की गयी है।

## सोमनाथ भारत की अखंडता और अस्मिता का महापर्व : पांडे

**चिल्हारी, उमरिया।** भारत की आस्था और अस्मिता का केंद्र है सोमनाथ। सोमनाथ मंदिर केवल ज्योतिर्लिंग ही नहीं हमारी संस्कृति हमारे आध्यात्मिक और पुरातन सभ्यता का अटल प्रतिबिंब है। किंतु कालांतर में सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा किया गया प्रयास हम सभी भारतीयों के लिए एक प्रेरणा का माध्यम रहा उपरोक्त उदवोधन पत्रकार वार्ता में बोलते हुए उमरिया जिले के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री द्वारा जिस प्रकार से सोमनाथ स्वाभिमान का महापर्व मनाया जा रहा उस महापर्व में हम सभी को सम्मिलित होकर हमारी आस्था और सांस्कृतिक धरोहर के लिए अपने-अपने स्तर से सभी को प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान महापर्व केवल सोमनाथ क्षेत्र के लिए ही नहीं वरन संपूर्ण भारत में स्थित सभी देवालय और श्रद्धा के केंद्रों के स्वाभिमान को समर्पित है।



## छात्र-छात्राओं ने किया चित्रकूट धाम का भ्रमण

**चिल्हारी, उमरिया।** जिले के रमाकांत तिवारी के नेतृत्व में बरही नगर की गुरु कुल विद्यालय के छात्र छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण करते हुए मप्र की पवित्र भूमि चित्रकूट धाम के बाबा कामता नाथ स्वामी, रामघाट, हनुमान धारा, अनुसुइया आश्रम गुप्त गोदावरी आदि तीर्थ स्थलों का दर्शन कर सफर का आनन्द उठाया। इस मौके पर गोतम पान्डे, प्रदीप पांडेय, दिनेश मिश्रा, बृजेन्द्र शर्मा, नीता सिंह, राजमणि मिश्रा, ज्योति पान्डे, मानपुर जनपद सदस्य बिजय द्विवेदी एवं डा. सुमित विश्वास आदि सभी विद्यालय के गुरूजनों ने यात्रा का आनन्द उठाया उपरोक्त कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य राजेश पान्डे के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न कराया गया।

# पाला से फसल को बचाने कृषि विभाग ने किसानों को दिए सुझाव



**अमरपुर नवभारत ।** जनपद पंचायत क्षेत्र में शीत लहर का प्रकोप जारी हैं। जिसके चलते दलहन की फसल को नुकसान होने की प्रबल संभावना बढ़ गई हैं। ग्राम रामगढ़ में मसूर फसल का मुआयना करने कृषि विभाग से रोहणी साल्वे कृषि विस्तार अधिकारी ने पहुंचते ही देखा पारा लुढ़कने से किसानों की फसल पर प्रभाव अधिक देखने को मिलेगा कृषक महेंद्र ठाकुर सहित अन्य किसानों को कोहरा एंव पारा से खराब होने बाली फसल को बचाने के लिए बतलाया कि किसान फसल की सुरक्षा करने खेत के आसपास आग जलाकर धुंआ करें जिससे पारा का प्रभाव कम होगा किसान अपनी फसल का नुकसान होने से इस तरीके से बचा सकते हैं। कृषि विस्तार अधिकारी के अनुसार अभी तक फसल अच्छी स्थिति में हैं। परन्तु सुरक्षा करना अंत्यत आवश्यक हैं। मसूर में फूल व फल का समय हैं। यही सही समय फसल कि सुरक्षा का होता हैं। वहीं चना कि फसल का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें फूल आना प्रारंभ हो गए हैं। चने की फसल में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की समझाइश किसानों को दी गई है । इस प्रकार किसानों के साथ कृषि विभाग भी फसल के बेहतर पैदावार किसानों को अधिक अच्छी फसल प्राप्त हो उसको लेकर सावधानी रखते हुए समय समय पर निगरानी कि जा रही हैं साथ ही किसानों को समझाइश दी जा रही है ।

# जैविक उत्पाद इंसानी स्वास्थ्य को रखते हैं उत्तम : साहू

▶ नवागत डिप्टी कलेक्टर ने नर्मदांचल गौ सेवा समिति का किया अवलोकन



**शहपुरा, नवभारत।** जैविक खेती देखने का मन करे तो चले और मिले जिला के जाने-माने बहुचर्चित ऑर्गेनिक फार्मिंग एक्सपर्ट बिहारी लाल साहू से जोकि विगत 10 वर्षो से जैविक खेती कर रहे हैं। स्वंय जैविक खेती करने के साथ-साथ ग्रामीण किसान बंधुओ को जैविक खेती करने के लिए लगातार प्रशिक्षित कर रहे है बात यही नहीं रुकती किसान बंधुओ के साथ महाविद्यालय, विद्यालय, सरकारी संस्थान, एनजीओ ऐसे अनेको मंच के माध्यम से जिला सहित विभिन्न जिला में जैविक खेती का प्रशिक्षण देने का अमूल्य कार्य कर रहे है । इसके साथ- साथ अपने फार्म हाउस में जैविक खेती का लाइव डेमो भी दिखाते है।

हाल ही में जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू ने कृषि उपसंचालक अभिलाषा चौरसिया व डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन और ग्राम विस्तार अधिकारी श्रीपाल पाटीदार ने नर्मदांचल गौ सेवा केन्द्र ढोंढ़ा में संचालित जैविक फार्म हाउस का विजिट किया। और देखा साथ ही केंचुआ खाद, वर्मीवाश, अग्नीअस्त्र, जीवामृत, बीजोपचार आदि को देखा व जैविक फार्म हाउस पर लगी हुई सब्जियां। केला, पपीता, अदरक, करेला, सेमी, मूली, टमाटर, गोभी, भटा, आलू, मटर, प्याज, लहसुन, लाल भाजी, मेथी भाजी आदि को देखा और सराहना किया। इस कार्यक्रम में कृषि उपसंचालक अभिलाषा चौरसिया डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन और श्रीपाल पाटीदार जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू, आयुष, प्रगति साहू रहे उपस्थित।



# शहपुरा में झारिया युवा संघ की पत्रिका व कैलेंडर का विमोचन

**शहपुरा, नवभारत।** शहपुरा नगर में झारिया युवा संघ मध्य प्रदेश द्वारा प्रकाशित मार्गदर्शिका पत्रिका एवं कैलेंडर का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के कई जिलों से झारिया समाज के स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया। कार्यक्रम में नरसिंहपुर, जबलपुर, मंडला, डिंडोरी, उमरिया, सिवनी एवं दमोह जिलों से समाज के जिला अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं नवयुवाओं ने सहभागिता निभाई। मंच से समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने सामाजिक एकता, संगठन सशक्तिकरण और युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे। इसी दौरान झारिया युवा संघ की जिला एवं ब्लॉक स्तर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें मुकेश कुमार झारिया को झारिया युवा संघ जिला डिंडोरी का जिला अध्यक्ष तथा अंकित कुमार झारिया को शहपुरा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपस्थित समाजजनों ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूती देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन समाज के उत्थान, आपसी सहयोग और संगठन विस्तार के संकल्प के साथ किया गया।




# शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में मतदाता पंजीयन शिविर का आयोजन


**अमरपुर नवभारत ।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर की मार्गदर्शन में विश्व मतदाता पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के अमरपुर बूथ लेवल अधिकारी रविन्द्र धार्वे ने निर्वाचन आयोग की मतदाता नियमावली फार्म 6 नवीन मतदाता पंजीयन, फार्म 7 मतदाता सूची से नाम काटना, फार्म 8 नाम, उपनाम, पता परिवर्तन एवं एसआईआर आदि की महाविद्यालय की विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के साथ महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नवीन मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण किए। भारत निर्वाचन आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) एक महत्वपूर्ण कार्य प्रत्येक 20 वर्षों के पश्चात किया जाता हैं। जिसमें एक परिवार के दादा एवं पिता की मतदाता सूची भाग संख्या एवं सरल क्रमांक आदि दस्तावेजों की आवश्यकताओं के साथ जागरुकता की ओर ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की स्टॉफ प्रोफेसर आशीष कुमार मरावी, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. निगहत खान, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे एवं छात्र - छात्राएं मौजूद रहे।

## पनपथा के बदबदा बीट में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित

**चिल्हारी, उमरिया।** मानपुर क्षेत्र अंतर्गत विश्व बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पनपथा रेंज के बदबदा बीट में पर्यावरण संरक्षण के जागरूकता को लेकर बीते दिवस अनुभूति कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें हायर सेकेंडी विद्यालय चन्सुरा एवं शलवार विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। पत्रकारों से चर्चा करते हुए। एसडीओ भूरा गायकवाड़ ने बताया कि अनुभूति कार्यक्रम के तहत बच्चों को जंगल भ्रमण, वन्यजीवों और पेड़-पौधों की जानकारी देकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर चित्रकला, प्रश्नोत्तरी और पर्यावरण से संबंधित सामान्य ज्ञान की प्रतिगोगिताएँ आयोजित की गई एवं पर्यावरण को संरक्षित करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ओमनारायण सिंह अधू, क्षेत्र संचालन डॉ अनुपम सहाय, ग्राम पंचायत झलवार सरपंच सरला सिंह, चंद मोहन खड़े प्रेरक, पनपचा रेंजर प्रतीक श्रीवास्तव, पनपथा रेंजर कोर रमेश पाटले, विजय तिवारी राजबहादुर सिंह प्रशांत सोनी आदि मौजूद रहे।

# 1830 हितग्राही हुए लाभान्वित, गांव तक पहुंचीं शासन की योजनाएं

▶ शहपुरा के मानिकपुर में लोक कल्याण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन






**शहपुरा, डिंडौरी, नवभारत।** मुख्यमंत्री के निर्देशन में संचालित 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत शहपुरा विकासखंड की ग्राम पंचायत मानिकपुर में लोक कल्याणकारी एवं स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह शिविर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना रहा।

शिविर में मुख्य अतिथि शहपुरा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन एवं भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर ग्राम मानिकपुर में स्वीकृत 33 केवी विद्युत सब-स्टेशन का भूमि पूजन विधायक द्वारा किया गया।

विधायक धुर्वे ने कहा कि शासन द्वारा किसानों को सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे कृषि उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने जैविक खेती, कोदो-कुटकी जैसे मोटे अनाजों के उत्पादन और स्थानीय संसाधनों के संरक्षण पर भी जोर दिया।

शिविर के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, विद्युत, पेंशन एवं स्कूल भवन से जुड़ी समस्याएं रखीं। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने संबंधित अधिकारियों को 15 दिवस में निराकरण के निर्देश दिए।

लोक कल्याण शिविर में कुल 1830 नागरिक लाभान्वित हुए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 465 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें एक्स-रे, शुगर, बीपी, सिकल सेल, मोतियाबिंद, रक्त एवं मूत्र जांच शामिल रही। गर्भवती महिलाओं को परामर्श, चश्मों व दवाइयों का वितरण भी किया गया।

इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। लाड़ली लक्ष्मी, मातृ वंदना, संबल योजना 2.0, आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, स्व-सहायता समूहों को सीसीएल स्वीकृति, पोषण आहार किट एवं बाल आशीर्वाद योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। स्थानीय व्यंजनों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों, मेधावी विद्यार्थियों, पशुपालकों, लाड़ली बहनों, वन अधिकार पट्टाधारकों एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, अनुदान व स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि जनजातीय बहुल जिले में योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक शनिवार को लोक कल्याण एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि नागरिक आत्मनिर्भर बन सकें।